हरिभूमि

# सागर-चम्बल भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, शुक्रवार 24 जुलाई 2026












## खबर संक्षेप

### शासकीय संभागीय आई.टी.आई. प्रवेश 2026 का तीसरा चरण


**सागर**। शासकीय संभागीय आई.टी.आई. सागर द्वारा आगामी सत्र 2026-27 के लिए औद्योगिक प्रशिक्षण पाठ्यक्रमों में प्रवेश प्रक्रिया के तीसरे चरण में ऑनलाइन पंजीकरण एवं चोईस फिलिंग हो रही है। जिसकी अंतिम तिथी 25 जुलाई है। शासन के निर्देशानुसार समस्त शासकीय आई.टी.आई. संस्थानो मे महिला अभ्यर्थियो के लिये 35% सीटो का आरक्षण प्रदान किया गया है, साथ ही महिला अभ्यर्थियो को संस्थानो में प्रवेश फीस में भी 25% की छूट दी गयी है। योग्य एवं इच्छुक अभ्यर्थी अंतिम 25 जुलाई के पूर्व वेबसाइट पर अपना पंजीकरण एवम चोईस फिलिंग कर सकये हैं।

### कलापथक दल ने छात्र-छात्राओं को दिलाई नशे से दूरी की शपथ

**सागर**। कलेक्टर प्रतिभा पाल के निर्देशन में सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग में पदस्थ शासकीय कलापथक दल द्वारा देवरी के मंडी प्रांगण में आयोजित दिव्यांगजन उपकरण वितरण शिविर में सहभागिता की गई। इसके साथ ही, नशे से दूरी है जरूरी 02 पखवाड़े के तहत सांदिपनी विद्यालय देवरी में कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें बच्चों को नशे के दुष्परिणामों के बारे में बताया गया। इस अवसर पर विद्यालय में लगभग 500 छात्र-छात्राएं उपस्थित थे। कार्यक्रम के दौरान दल के वरिष्ठ कलाकार एवं मास्टर ट्रेनर श्री एस आर नागर द्वारा सांदिपनी विद्यालय के समस्त स्टाफ एवं छात्र-छात्राओं को भविष्य में कभी नशा न करने की शपथ दिलाई गई।

### उत्कृष्ट छात्रावासों में कोचिंग शिक्षकों के आवेदन आमंत्रित

**सागर**। अनुसूचित जाति विकास विभाग द्वारा जिला एवं विकासखंड स्तर पर संचालित उत्कृष्ट बालक एवं कन्या छात्रावासों में अध्ययनरत विद्यार्थियों के लिए कोचिंग शिक्षकों से आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। मध्यप्रदेश शासन के निर्देशानुसार कक्षा 11वीं एवं 12वीं के विज्ञान (भौतिकी, रसायन, जीव विज्ञान), कम्प्यूटर एवं वाणिज्य संकाय तथा कक्षा 9वीं एवं 10वीं के गणित, अंग्रेजी एवं कम्प्यूटर विषयों की कोचिंग संचालित की जाएगी। इच्छुक अभ्यर्थी संबंधित विषय में स्नातक अथवा स्नातकोत्तर स्तर पर न्यूनतम 60 प्रतिशत अंकों से उत्तीर्ण होने की पात्रता रखते हों। पात्र अभ्यर्थी संबंधित छात्रावास अधीक्षक के माध्यम से अपना आवेदन प्रस्तुत कर सकते हैं। चयनित विषय विशेषज्ञों को शासन के नियमानुसार मानदेय प्रदान किया जाएगा तथा उन्हें प्रतिमाह 20 कालखंड का अध्यापन कार्य करना होगा।



### डॉ. एस.डी. शर्मा बने इंदिरा गांधी शासकीय इंजीनियरिंग महाविद्यालय के प्राचार्य

**सागर**। इंदिरा गांधी शासकीय इंजीनियरिंग महाविद्यालय, सागर में प्राध्यापक (मैकेनिकल इंजीनियरिंग) डॉ. एस.डी. शर्मा को प्राचार्य नियुक्त किया गया है। इस संबंध में आयुक्त, तकनीकी शिक्षा संचालनालय द्वारा बुधवार, 22 जुलाई को आदेश जारी किए गए। उल्लेखनीय है कि महाविद्यालय के पूर्व प्राचार्य डॉ. अनुराग त्रिवेदी का स्थानांतरण शासकीय इंजीनियरिंग महाविद्यालय, जबलपुर होने के बाद वे 25 जून को कार्यमुक्त हो गए थे। इसके पश्चात डॉ. एस.डी. शर्मा प्रभारी प्राचार्य के रूप में दायित्वों का निर्वहन कर रहे थे। अब उन्हें नियमित रूप से प्राचार्य नियुक्त किया गया है।

सुरखी में स्वास्थ्य क्रांति की ओर बड़ा कदम, गोविंद सिंह राजपूत के प्रयासों से मिली नई सौगात

# सुरखी को 16 करोड़ की ऐतिहासिक स्वास्थ्य सौगात जैसीनगर में बनेगा 50 बिस्तरीय सिविल अस्पताल

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर

सुरखी विधानसभा क्षेत्र की जनता को बेहतर एवं आधुनिक स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने की दिशा में एक और बड़ी उपलब्धि हासिल हुई है। प्रदेश के खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री गोविंद सिंह राजपूत के सतत प्रयासों, प्रभावी पहल और शासन स्तर पर निरंतर किए गए विशेष फॉलोअप के परिणामस्वरूप राज्य शासन ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, जैसीनगर का उन्नयन 50 बिस्तरीय सिविल अस्पताल के रूप में करने का महत्वपूर्ण निर्णय लिया है। इस महत्वाकांक्षी परियोजना के लिए लगभग 16 करोड़ रुपये की राशि स्वीकृत की गई है। यह निर्णय न केवल सुरखी विधानसभा क्षेत्र बल्कि पूरे सागर जिले की स्वास्थ्य सेवाओं को नई दिशा देने वाला साबित होगा।

इस ऐतिहासिक निर्णय पर मंत्री गोविंद सिंह राजपूत ने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि प्रदेश सरकार का लक्ष्य ग्रामीण क्षेत्रों तक भी शहरों जैसी गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचाना है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में प्रदेश में स्वास्थ्य अधोसंरचना का लगातार विस्तार किया जा रहा है और सुरखी विधानसभा क्षेत्र को मिली यह सौगात उसी जनकल्याणकारी सोच का परिणाम है।

मंत्री राजपूत ने कहा कि जनप्रतिनिधि होने के नाते मेरी प्राथमिकता हमेशा यह रही है कि सुरखी विधानसभा क्षेत्र के लोगों को उपचार के लिए लंबी दूरी तय न करनी पड़े। इसी उद्देश्य से मैंने जैसीनगर अस्पताल के उन्नयन का विषय लगातार शासन के समक्ष प्रमुखता से रखा। आज सरकार ने इस महत्वपूर्ण मांग को स्वीकार कर क्षेत्र की जनता को बड़ी राहत प्रदान की है। उन्होंने कहा कि यह केवल भवन निर्माण की परियोजना नहीं, बल्कि हजारों परिवारों के जीवन से जुड़ा जनकल्याणकारी निर्णय है।

उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के मार्गदर्शन एवं सतत निगरानी में यह परियोजना शीघ्र, गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध रूप से पूर्ण होगी, जिससे सुरखी विधानसभा क्षेत्र के साथ-साथ आसपास के ग्रामीण अंचलों के लाखों लोगों को भी सीधा लाभ मिलेगा। गौरतलब है कि इसके पूर्व भी मंत्री गोविंद सिंह राजपूत के विशेष प्रयासों से 25 वर्ष पूर्व जैसीनगर में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र की स्थापना हुई थी।

### सुरखी के समग्र विकास की दिशा में एक और उपलब्धि



मंत्री गोविंद सिंह राजपूत ने कहा कि सुरखी विधानसभा क्षेत्र में सड़क, शिक्षा, पेयजल, सिंचाई, विद्युत, खेल, धार्मिक स्थलों के विकास और स्वास्थ्य सुविधाओं के विस्तार के लिए लगातार कार्य किए जा रहे हैं। जैसीनगर अस्पताल का उन्नयन भी उसी विकास यात्रा की महत्वपूर्ण कड़ी है। उन्होंने कहा कि जनता की अपेक्षाओं पर खरा उतरना उनका दायित्व है और क्षेत्र के विकास के लिए वे आगे भी पूरी प्रतिबद्धता के साथ कार्य करते रहेंगे। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य सुविधाओं का विस्तार किसी भी क्षेत्र के समग्र विकास का सबसे महत्वपूर्ण आधार होता है। जब आम नागरिक को उसके घर के निकट गुणवत्तापूर्ण उपचार उपलब्ध होता है, तभी उसका जीवन स्तर बेहतर बनता है और समाज मजबूत होता है।सुरखी विधानसभा क्षेत्र की इस ऐतिहासिक उपलब्धि पर क्षेत्रवासियों ने हर्ष व्यक्त करते हुए मंत्री गोविंद सिंह राजपूत को बधाई दी तथा मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के प्रति आभार व्यक्त किया। लोगों ने इसे सुरखी के विकास इतिहास में एक मील का पत्थर बताते हुए कहा कि यह निर्णय आने वाले वर्षों में लाखों लोगों के लिए जीवनदायी साबित होगा।

### अब स्थानीय स्तर पर मिलेगा विशेषज्ञ उपचार

50 बिस्तरीय सिविल अस्पताल बनने के बाद जैसीनगर में चिकित्सा विशेषज्ञ, सर्जरी विशेषज्ञ, हड्डी रोग विशेषज्ञ, सामान्य शल्य चिकित्सक, स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ, शिशु रोग विशेषज्ञ, निश्चेतना विशेषज्ञ, नेत्र रोग विशेषज्ञ, रेडियोलॉजी विशेषज्ञ, पैथोलॉजी विशेषज्ञ, नाक, कान गला रोग विशेषज्ञ, दंत चिकित्सक, फिजियोथेरेपिस्ट, रेडियोग्राफर, नेत्र सहायक, ओटी तकनीशियन सहित अन्य विशेषज्ञ चिकित्सकों की उपलब्धता सुनिश्चित होगी। इसके परिणाम स्वरूप सड़क दुर्घटनाओं में घायल मरीजों, फ्रैक्चर, हड्डी एवं जोड़ संबंधी ऑपरेशन, जटिल प्रसूति मामलों, नवजात शिशुओं की गंभीर स्थितियों, शिशु रोगों तथा अन्य जटिल शल्य चिकित्सा संबंधी उपचार स्थानीय स्तर पर ही संभव हो सकेंगे।

अब गंभीर मरीजों को छोटी-छोटी स्वास्थ्य समस्याओं के लिए सागर, भोपाल अथवा अन्य बड़े अस्पतालों की ओर रेफर करने की आवश्यकता में काफी कमी आएगी। इससे मरीजों और उनके परिजनों का समय, धन और अनावश्यक मानसिक एवं शारीरिक परेशानी बचेगी। साथ ही उच्च स्तरीय अस्पतालों पर पड़ने वाला अतिरिक्त दबाव भी कम होगा।

### मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य सेवाएं होंगी और मजबूत

अस्पताल के उन्नयन के बाद सुरक्षित प्रसव, उच्च जोखिम वाली गर्भावस्थाओं का उपचार, परिवार कल्याण सेवाएं, पीपीआईयूसीडी परामर्श, नवजात शिशु देखभाल, जन्म के तुरंत बाद स्तनपान की व्यवस्था, नियमित टीकाकरण, कमजोर एवं बीमार नवजात शिशुओं की समय पर पहचान एवं उपचार जैसी अत्यंत महत्वपूर्ण सेवाएं पहले से अधिक सुदृढ़ और सुलभ होंगी। इससे मातृ मृत्यु दर, नवजात मृत्यु दर और शिशु मृत्यु दर में कमी लाने के प्रदेश सरकार के लक्ष्य को गति मिलेगी तथा ग्रामीण क्षेत्रों में गुणवत्तापूर्ण, सुरक्षित और समयबद्ध स्वास्थ्य सेवाओं की उपलब्धता सुनिश्चित होगी।

## कनेरादेव जलाशय के रिसाव को रोकने विधायक शैलेंद्र जैन ने उठाई आवाज



**सागर**। मध्य प्रदेश विधानसभा के मानसून सत्र में सागर विधायक शैलेंद्र कुमार जैन ने कनेरादेव सिंचाई परियोजना के जलाशय में रिसाव की गंभीर समस्या का विषय उठाते हुए शासन से की गई कार्यवाही एवं परियोजना के स्थायी समाधान की जानकारी मांगी। विधायक जैन के प्रश्न के उत्तर में जल संसाधन मंत्री श्री तुलसीराम सिलावट ने बताया कि जलाशय के रिसाव की भू-तकनीकी जांच के लिए भारत सरकार के भारतीय भू-वैज्ञानिक सर्वेक्षण विभाग से समझौता किया गया है। इसके सुझावों के आधार पर अनुसंधान कार्यों के लिए वर्ष 2023 में 1.95 लाख रुपये तथा वर्ष 2025 में 1.33 लाख रुपये व्यय किए गए हैं। मंत्री ने बताया कि कनेरादेव जलाशय के रिसाव को रोकने एवं सुधार कार्यों के लिए 12 जून 2026 को 55.81 लाख रुपये की विशेष मरम्मत की प्रशासनिक स्वीकृति प्रदान की जा चुकी है तथा वर्तमान में निविदा प्रक्रिया प्रचलित है। उन्होंने कहा कि रिसाव की समस्या का स्थायी समाधान मरम्मत कार्य पूर्ण होने के उपरांत ही संभव होगा। विधायक शैलेंद्र कुमार जैन ने इस महत्वपूर्ण विषय को विधानसभा में उठाकर कनेरादेव जलाशय को पूर्णतः उपयोगी बनाने और क्षेत्र के किसानों को सिंचाई का अपेक्षित लाभ दिलाने की दिशा में शासन का ध्यान आकर्षित किया है। प्रशासनिक स्वीकृति मिलने के बाद अब विशेष मरम्मत कार्य की निविदा प्रक्रिया पूरी होने तथा कार्य प्रारंभ होने की उम्मीद है, जिससे जलाशय के रिसाव की समस्या का स्थायी समाधान होने और किसानों को सिंचाई सुविधा का बेहतर लाभ मिलने का मार्ग प्रशस्त होगा।

## सांदीपनि विद्यालय रहली में कैरियर मार्गदर्शन कार्यशाला आयोजित

**रहली**। सांदीपनि विद्यालय रहली में चल रहे गुरु पूर्णिमा पखवाड़े के अंतर्गत कैरियर मार्गदर्शन कार्यशाला आयोजित की गई। आयोजित कार्यशाला में प्रोफेसर प्रवीण श्रीवास्तव ने कम्युनिकेशन स्किल के ऊपर विद्यार्थी जीवन में भविष्य में आने वाली कठिन परिस्थितियों एवं समस्या समाधान तकनीकि के बारे में बताया, डॉ बसंत नेमा ने चिकित्सा क्षेत्र से जुड़े कई क्षेत्रों के बारे में जानकारी दी उमेश कुर्मी ने स्किल बेस्ड व्यावसायिक शिक्षा के महत्व के बारे में जानकारी प्रदान की। प्राचार्य दिलीप चौबे ने बताया कि मंजिल पाने का एक ही रास्ता है और वो है कठिन परिश्रम, स्पष्ट लक्ष्य और पक्का इरादा। शिक्षक देवेंद्र कुमार कतरोलिया ने बताया कि कैरियर चुनते समय प्लान बी का होना अत्यंत आवश्यक है, शिक्षक कमलेश चौबे ने कृषि क्षेत्र से जुड़े कैरियर क्षेत्रों के बारे में जानकारी प्रदान की। मंच का सफल संचालन शिक्षक गोविन्द सिंह ठाकुर ने एवं आभार प्रदर्शन शिक्षक सलामत खान ने किया। इस अवसर पर डॉक्टर उमेश वैद्य, विश्वेश्वर सिंह ठाकुर, सपना रजक, रवि अहिरवार, अलका गायकवाड़, साक्षी जैन, संतोष जैन, विजय प्रकाश उइके, सतीश प्रजापति, प्रवीण सिंघई, अजय पटैल, जगदीश नामदेव उपस्थित रहे।



## भावुकता में विवेक को नहीं होना चाहिए : आत्मानंद

सागर। राधे कृष्णा सत्संग परिवार पटकुई स्थित कुबेर वाटिका में श्रीमद् भागवत कथा के चौथे दिन नीलगिरी पीठाधीश्वर आत्मानंद सरस्वती महाराज ने कहा कि मन को समझाना सबसे बड़ा कार्य है। यदि हम सब मन को मनाले और एक ही ओर केंद्रित रखे तब जीवन में किसी प्रकार की वस्तु की आवश्यकता नहीं होगी। मन इंद्री से सावधान रहना चाहिए। भावुकता में विवेक को नहीं खोना चाहिए। कथाएं उपदेश देती है कि इंसान को मर्यादा नहीं छोडनी चाहिए। भगवान से रिश्ता जोड़ना है तो नामजप, संकीर्तन करो और भगवान से प्रेम करना है तो पूजा-पाठ करो। साथ ही भगवान के संकीर्तन में दीवाने हो जाओं और संसार की माया से दूरी बनाओ। उन्होंने कहा कि दुनिया में जहां स्वार्थ है तब तक ही आप प्रिय हो। दुनिया को समझ पाना मुश्किल है इसलिए घर के सदस्यों से प्रेम भावना रखों और भगवान की भक्ति में दीवाने हो जाओ। जब भोग और भोजन में संयम करना सीखोगे तभी भक्ति में मन लगेगा। स्त्री को रसोई में भोजन स्नान करके पूरी स्वच्छता और साफ मन, हृदय से बनाना चाहिए। घर के बच्चे और युवा जैसा देखोगे वैसा ही करेंगे। इनमें अच्छे संस्कार डालों जिससे समाज और राष्ट्र से जुड़े रहे। संसार में सुखों की चाह चिंता बढ़ती है और कठिनाई पैदा करती है। जीवन से चाह भगवान की भक्ति करने से चली जाएगी। कोई भूत-प्रेत नहीं होते है। जहां शिक्षा, स्वच्छता और धन,संपत्ति है वहां भूत-प्रेत में विश्वास रखने वाले इंसान भी नहीं होते है। संसार के विषयों में पड़ा मन भूत है। भविष्य में तांत्रिक, भूत-प्रेत की पूजा करने वालों की दुर्गति होगी और इनसे कभी डरना नहीं क्योंकि यह नर्क में जाएगे। हमेशा परमात्मा में विश्वास रखों। मन को नाम जप करने में लगाओं। मन समय के साथ माना जाता है।

## उल्लास एक अभिनव प्रयोग के अंतर्गत विशेष स्वास्थ्य परीक्षण शिविर आयोजित किया गया

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर



मध्य प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, जबलपुर के निर्देशानुसार एवं तथा एम.के. शर्मा प्रधान जिला न्यायाधीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, सागर के मार्गदर्शन में ''उल्लास एक अभिनव प्रयोग'' के अंतर्गत ए.डी.आर. भवन, जिला न्यायायल परिसर, सागर में विशेष स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ एम.के. शर्मा, प्रधान जिला न्यायाधीश/ अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, सागर के मुख्य आतिथ्य में समपन्न हुआ। इस अवसर पर अखिलेश मिश्र, प्रधान न्यायाधीश, कुटुम्ब न्यायालय, विवेक सिंह रघुवंशी, विशेष न्यायाधीश, डॉ. पी.एस. ठाकुर, अधिष्ठाता बुन्देल खण्ड मेडीकल कॉलेज, डॉ. जयंत जैन, सिविल सर्जन अध्यक्ष जिला अधिवक्ता संघ जितेन्द्र सिंह राजपूत, समस्त न्यायिक अधिकारी गण, सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, अंकित श्रीवास्तव, जिला विधिक सहायता अधिकारी दिव्या भलावी, अधिवक्तागण तथा न्यायालयीन कर्मचारीगण उपस्थित रहे। प्रधान जिला न्यायाधीश एम.के. शर्मा ने अपने उद्बोधन में कहा कि उल्लास एक अभिनव प्रयोग का उद्देश्य न्यायिक अधिकारीगण, कर्मचारीगण एवं अधिवक्तागण को शारीरिक एवं मानसिक स्वास्थ्य को प्रोत्साहित करना तथा स्वास्थ एवं सकारात्मक कार्य का विकास करना है। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य शरीर एवं स्वास्थ मन ही प्रभावी न्यायिक व्यवस्था की आधारशिला है तथा सभी न्यायिक अधिकारियों, कर्मचारियों एवं अधिवक्ताओं से नियमित स्वास्थ परीक्षण कराते रहने तथा स्वास्थ जीवन शैली अपनाने का आह्वान किया।

डॉ.पी.एस. ठाकुर डीन बुन्देल खण्ड मेडीकल कॉलेज ने अपने संबोधन में स्वास्थ परीक्षण के महत्व पर प्रकाश डालते हुये कहा कि समय पर की गई जॉंच अनेक गंभीर बीमारियों की रोकथाम में सहायक होती है तथा प्रत्येक व्यक्ति को समय-समय पर अपना स्वास्थ परीक्षण कराते रहना चाहिये। शिविर मेंबीएमसी एवं जिला चिकित्सालय, सागर के नेत्र रोग विशेषज्ञ, अस्थि रोग विशेषज्ञ, स्त्रीरोग विशेषज्ञ, ई.एन.टी. विशेषज्ञ, एम.डी. मेडिसन, मधुमेह रोग विशेषज्ञ, हृदय रोग विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा लगभग 425 न्यायिक अधिकारियों अधिवक्ताओं एवं न्यायालयीन कर्मचारियों का स्वास्थ परीक्षण एवं विभिन्न स्वास्थ संबंधी जॉंचे की गई तथा आवश्यक चिकित्सकीय परामर्श एवं औषधियों का निःशुल्क वितरण किया गया।

## भूपेन्द्र भैया की ब्लड हेल्पलाइन बनी जरूरतमंदों की जीवनरेखा



**सागर**। मध्यप्रदेश के पूर्व गृहमंत्री भूपेन्द्र सिंह के मार्गदर्शन में संचालित ''भूपेन्द्र भैया की ब्लड हेल्पलाइन सेवा'' संकट की घड़ी में जरूरतमंद मरीजों के लिए निरंतर संजीवनी का कार्य कर रही है। सेवा के माध्यम से 9 से 22 जुलाई के मध्य मात्र 15 दिनों में 95 जरूरतमंद मरीजों को निःशुल्क रक्त उपलब्ध कराया गया। इस अवधि में प्रतिदिन औसतन 7 मरीजों को समय पर रक्त उपलब्ध कराकर उनके उपचार को गति देने में महत्वपूर्ण सहयोग प्रदान किया गया। 2 जून 2025 को प्रारंभ हुई इस जनकल्याणकारी पहल ने अब तक 1,950 जरूरतमंद एवं आर्थिक रूप से कमजोर मरीजों को निःशुल्क रक्त उपलब्ध कराने का महत्वपूर्ण पड़ाव पार कर लिया है। यह सेवा केवल रक्त उपलब्ध कराने तक सीमित नहीं है, बल्कि मरीजों और उनके परिजनों को कठिन समय में मानसिक संबल, त्वरित सहायता और आर्थिक राहत भी प्रदान कर रही है। यही कारण है कि अल्प समय में यह हेल्पलाइन सागर जिले ही नहीं, बल्कि पूरे संभाग में भरोसे और मानवीय सेवा का सशक्त प्रतीक बन गई है। बीते 15 दिनों में जिन 95 मरीजों को इस हेल्पलाइन के माध्यम से रक्त उपलब्ध कराया गया, उनमें बंडा, केसली, गौरझामर, गढ़ाकोटा, खुरई, सुरखी, रहली, राहतगढ़, मालथौन, बांदरी, बीना, देवरी, बेगमगंज, दमोह, सानौधा, बटियागढ़, जैसीनगर तथा दलपतपुर सहित अनेक नगरों एवं ग्रामीण अंचलों से सागर में उपचार के लिए आए मरीज शामिल रहे। हेल्पलाइन से जुड़े स्वयंसेवकों और रक्तदाताओं के त्वरित समन्वय से सभी जरूरतमंदों तक समय पर रक्त पहुँचाया गया, जिससे कई मरीजों का उपचार बिना किसी विलंब के प्रारंभ हो सका।पूर्व गृहमंत्री भूपेन्द्र सिंह स्वयं इस सेवा प्रकल्प की नियमित मॉनिटरिंग करते हैं तथा प्रत्येक सहायता अनुरोध पर त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित कराते हैं। उनका स्पष्ट संकल्प है कि रक्त के अभाव में किसी भी जरूरतमंद मरीज का उपचार प्रभावित न हो।

श्रद्धालुओं ने भक्ति-भाव से मुनिश्री का किया स्वागत

# निर्यापक मुनि श्री अभयसागर महाराज ससंघ की सागर में अगवानी

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर



आचार्य श्री विद्यासागर महाराज के शिष्य एवं आचार्य श्री समय सागर महाराज के आज्ञानुवर्ती निर्यापक मुनि श्री अभयसागर महाराज ससंघ के सागर आगमन पर गुरुवार को शहर में भव्य एवं ऐतिहासिक अगवानी यात्रा निकाली गई। महावीर नगर, गल्ला मंडी चौराहे से प्रारंभ हुई इस अगवानी में बड़ी संख्या में श्रद्धालु, महिला मंडल, युवा एवं सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधि शामिल हुए। प्रातः 7 बजे मुनिसंघ खुरई रोड स्थित कृषि उपज मंडी चौराहे पर पहुंचा जहां भाग्योदय तीर्थ से मुनि श्री उद्यम सागर महाराज,मुनि श्री गरिष्ठ सागर महाराज एवं मुनि श्री हीरक सागर महाराज ससंघ ने अगवानी की। मुनि श्री अभय सागर महाराज, मुनि श्री शाश्वतसागर महाराज, मुनि श्री नमीसागर महाराज ने भी छोटे मुनिराजो ने 3 परिक्रमाएं कर पुण्य लाभ अर्जित किया। अगवानी यात्रा में सागर शहर के एक दर्जन से अधिक महिला मंडलों की सदस्याएं, विभिन्न सामाजिक एवं धार्मिक संगठनों के पदाधिकारी, भाग्योदय तीर्थ एवं सर्वतोभद्र जिनालय के ट्रस्टी, सकल दिगंबर जैन समाज तथा शहर के सभी जैन मंदिरों के पदाधिकारी एवं सदस्य बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

मार्ग में अनेक स्थानों पर श्रद्धालुओं द्वारा मुनिसंघ का पाद प्रक्षालन, आरती एवं पुष्पवर्षा कर स्वागत किया गया। संपूर्ण मार्ग को आकर्षक रंगोलियों और गेट लगाकर सजाया गया, जबकि सैकड़ों युवा हाथों में धर्मध्वज लेकर जयघोष करते हुए मुनिसंघ के साथ चल रहे थे। भक्ति, श्रद्धा और उत्साह से परिपूर्ण यह अगवानी यात्रा पूरे शहर के लिए आस्था का अनुपम दृश्य बन गई। प्रातः लगभग 9 बजे मुनिसंघ मुख्य पंडाल में पहुंचा, जहां सैकड़ों श्रद्धालुओं ने 'नमोस्तु-नमोस्तु' के जयघोष के साथ दर्शन एवं वंदना कर आशीर्वाद प्राप्त किया। इस अवसर पर पाद प्रक्षालन का सौभाग्य महेश, संतोष बिलहरा एवं तहसीलदार मोहित जैन को प्राप्त हुआ।

बीना से बिहार कर रहे युवाओं का सम्मान आचार्य श्री का चित्र देकर किया गया। अपराजित योद्धा संघ सागर के अलावा रहली,बंडा चंदेरी,बीना, मुंगावली, खुरई आदि स्थानों के श्रद्धालुओं ने शामिल होकर पुण्य लाभ अर्जित किया कार्यक्रम का संचालन ब्रह्मचारी विजय भैया लखनादौन, मुकेश जैन ढाना एवं अनिल नैनधरा ने किया।

अष्टानिका महापर्व पर भाग्योदय तीर्थ में चल रहे श्री सिद्धचक्र विधान के तीसरे दिन श्रद्धालुओं द्वारा 16 अर्घ समर्पित किए गए। विधान के चौथे दिन शुक्रवार को 32 अर्घ चढ़ाए जाएंगे। श्रद्धालुओं में विधान को लेकर विशेष उत्साह एवं श्रद्धा का वातावरण बना हुआ है।



## केसली शासकीय महाविद्यालय परिसर में कलेक्टर ने किया पौधरोपण

**सागर**। पर्यावरण संरक्षण एवं हरित विकास के संकल्प को आगे बढ़ाते हुए कलेक्टर प्रतिभा पाल ने केसली शासकीय महाविद्यालय परिसर में मुनगा का पौधा रोपित किया। इस अवसर पर उन्होंने पौधों के संरक्षण एवं नियमित देखभाल का संदेश देते हुए कहा कि वृक्षारोपण के साथ-साथ उनका संवर्धन भी उतना ही आवश्यक है। उन्होंने विद्यार्थियों एवं महाविद्यालय परिवार से अधिक से अधिक पौधे लगाने तथा पर्यावरण संरक्षण के जन अभियान में सक्रिय सहभागिता निभाने का आह्वान किया। इस दौरान जिला पंचायत सीईओ विवेक केवी, केसली एसडीएम राजनंदिनी शर्मा सहित महाविद्यालय के प्राचार्य, प्राध्यापकगण, अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

## टीकमगढ़ जिले की कमान संभालते ही नए एसपी सुधीर अग्रवाल का सख्त संदेश

# जीरो टॉलरेंस नीति पर होगी कार्रवाई, नशा और साइबर पर विशेष फोकसः एसपी सुधीर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ टीकमगढ़

भारतीय पुलिस सेवा आईपीएस के 2016 बैच के अधिकारी सुधीर कुमार अग्रवाल ने गुरुवार को टीकमगढ़ जिले के नए पुलिस अधीक्षक के रूप में विधिवत पदभार ग्रहण कर लिया। कार्यभार संभालने के बाद उन्होंने जिले के वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों से परिचय प्राप्त किया तथा कानून-व्यवस्था, अपराध नियंत्रण और पुलिसिंग व्यवस्था की विस्तृत जानकारी ली। पदभार ग्रहण करते ही उन्होंने स्पष्ट कर दिया कि टीकमगढ़ पुलिस अपराधियों के खिलाफ जीरो टॉलरेंस की नीति पर काम करेगी और आमजन को त्वरित, पारदर्शी एवं संवेदनशील पुलिस सेवा उपलब्ध कराना उनकी सर्वोच्च प्राथमिकता होगी।

नवनियुक्त पुलिस अधीक्षक सुधीर अग्रवाल ने कहा कि जिले में कानून-व्यवस्था को और अधिक मजबूत बनाया जाएगा। अपराधों पर प्रभावी अंकुश लगाने, महिलाओं एवं बच्चों की सुरक्षा सुनिश्चित करने, साइबर अपराधों के प्रति जनजागरूकता बढ़ाने तथा फरियादियों की शिकायतों का समयबद्ध एवं संवेदनशील निराकरण सुनिश्चित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि पुलिस की कार्यप्रणाली को अधिक जवाबदेह, पारदर्शी और जनहितैषी बनाया जाएगा, ताकि प्रत्येक नागरिक स्वयं को सुरक्षित महसूस कर सके। उन्होंने विशेष रूप से पुलिस मुख्यालय द्वारा संचालित नशे से दूरी है जरूरी 2.0 अभियान को जिले में प्रभावी ढंग से संचालित करने की घोषणा की। उन्होंने कहा कि युवाओं को नशे के दुष्प्रभावों से जागरूक करने के साथ-साथ अवैध मादक पदार्थों के कारोबार में संलिप्त लोगों के विरुद्ध लगातार कठोर कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने जनप्रतिनिधियों, शिक्षण संस्थानों, सामाजिक संगठनों और आम नागरिकों से



इस अभियान में सक्रिय भागीदारी की अपील भी की।

सुधीर कुमार अग्रवाल मूलतः मध्य प्रदेश के निवासी हैं और उन्होंने अपने पुलिस करियर की शुरुआत राज्य पुलिस सेवा (एसपीएस) अधिकारी के रूप में की थी। उत्कृष्ट प्रशासनिक कार्यों के आधार पर 3 जुलाई 2023 को उन्हें भारतीय पुलिस सेवा (आईपीएस) कैडर में पदोन्नत किया गया तथा 2016 बैच आवंटित हुआ। इससे पहले उन्हें नवगठित मैहर जिले का पहला पुलिस अधीक्षक बनने का गौरव प्राप्त हुआ, जहां उन्होंने शून्य से पुलिसिंग व्यवस्था खड़ी करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। इसके बाद सितंबर 2025 में उन्होंने श्योपुर जिले के पुलिस अधीक्षक का पद संभाला, जहां सीमावर्ती जिले में कानून-व्यवस्था को मजबूत करने और अंतरराज्यीय अपराधों पर नियंत्रण के लिए उनके कार्यों की व्यापक सराहना हुई। सरकारी स्तर पर माना जा रहा है कि बेहतर फील्ड परफॉर्मेंस और प्रशासनिक क्षमता के कारण उन्हें टीकमगढ़ जैसे महत्वपूर्ण जिले की जिम्मेदारी सौंपी गई है। जिले में कानून-व्यवस्था को और अधिक प्रभावी बनाना, थानों की कार्यप्रणाली में जवाबदेही बढ़ाना, पीड़ितों को त्वरित न्याय दिलाना, अवैध उत्खनन, शराब तस्करी तथा सीमावर्ती क्षेत्रों में सक्रिय आपराधिक गतिविधियों पर प्रभावी अंकुश लगाना उनके प्रमुख एजेंडे में शामिल है। नए पुलिस अधीक्षक ने संकेत दिए हैं कि कम्युनिटी पुलिसिंग को भी नई मजबूती मिलेगी। पुलिस और जनता के बीच विश्वास बढ़ाने के लिए संवाद, जनसुनवाई और त्वरित कार्रवाई पर विशेष बल दिया जाएगा। उनका मानना है कि प्रभावी पुलिसिंग तभी संभव है, जब अपराधियों में कानून का भय और आम नागरिकों में पुलिस के प्रति विश्वास दोनों समान रूप से मजबूत हों। टीकमगढ़ में नए एसपी की पदस्थापना को जिले की पुलिस व्यवस्था के लिए एक महत्वपूर्ण बदलाव के रूप में देखा जा रहा है। अब लोगों की निगाहें इस बात पर टिकी हैं कि उनके नेतृत्व में कानून-व्यवस्था, अपराध नियंत्रण और जनहितैषी पुलिसिंग के क्षेत्र में जिले को कितनी नई दिशा मिलती है।

## महिला की शिकायत पर त्वरित कार्रवाई

## धार्मिक अनुष्ठान के बहाने दुष्कर्म का आरोप, 24 घंटे में दबोचा आरोपी




### नए एसपी सुधीर अग्रवाल के निर्देशन में आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ टीकमगढ़

जिले की बल्देवगढ़ थाना पुलिस ने महिला से दुष्कर्म के एक गंभीर मामले में त्वरित कार्रवाई करते हुए शिकायत दर्ज होने के 24 घंटे के भीतर आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश कर दिया। पुलिस की इस कार्रवाई को महिलाओं से जुड़े अपराधों के प्रति संवेदनशील और तत्पर पुलिसिंग का उदाहरण माना जा रहा है।

पुलिस के अनुसार 22 जुलाई को थाना बल्देवगढ़ में एक महिला ने शिकायत दर्ज कराई थी कि धार्मिक अनुष्ठान के बहाने एक व्यक्ति ने उसके साथ दुष्कर्म किया। शिकायत के आधार पर थाना पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की संबंधित धाराओं में मामला दर्ज कर विवेचना शुरू की। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक सुधीर अग्रवाल ने आरोपी की शीघ्र गिरफ्तारी के निर्देश दिए। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक एवं एसडीओपी के मार्गदर्शन में गठित पुलिस टीम ने तत्काल कार्रवाई करते हुए आरोपी मिलन पाल, निवासी करमपुर, थाना बल्देवगढ़ को 24 घंटे के भीतर गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार आरोपी को विधिवत न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया, जहां से उसके विरुद्ध अग्रिम वैधानिक कार्रवाई की गई। इस कार्रवाई में थाना प्रभारी बल्देवगढ़ सहित पुलिस टीम के अधिकारियों एवं कर्मचारियों की महत्वपूर्ण भूमिका रही। पुलिस अधीक्षक सुधीर अग्रवाल ने पूरी टीम की तत्परता और उत्कृष्ट कार्य की सराहना करते हुए निर्देश दिए कि महिलाओं से संबंधित अपराधों में संवेदनशीलता, त्वरित विवेचना और समयबद्ध वैधानिक कार्रवाई सर्वोच्च प्राथमिकता रहे।

### कुएं में डूबने से जीजा साले की मौत

ललितपुर। थाना बानपुर क्षेत्र के ग्राम तेरा में बीती रात जीजा-साले की कुएं में डूबने से मौत हो गई। पानी भरने के दौरान एक युवक का पैर फिसलने से वह कुएं में जा गिरा। उसे बचाने के लिए बिना अपनी जान की परवाह किए दूसरा युवक भी कुएं में उतर गया, लेकिन गहरे पानी में दोनों की जान चली गई। थाना बानपुर के ग्राम तेरा निवासी मुनीम पुत्र नन्दू सोमवार की देर शाम गांव के एक कुएं से पानी भर रहा था। इसी दौरान अचानक उसका पैर फिसल गया और वह सीधे कुएं में जा गिरा। मुनीम को डूबता देख वहां मौजूद राघवेंद्र पुत्र सुखराम तत्काल उसे बचाने के लिए कुएं में कूद गया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, राघवेंद्र ने मुनीम को बचाने का पूरा प्रयास किया, लेकिन कुएं की गहराई और पानी अधिक होने के कारण दोनों बाहर नहीं निकल सके। दोनों युवक पानी में डूब गए। घटना की सूचना मिलते ही गांव में अफरा-तफरी मच गई।

## विधेयक पारित होने पर भाजपा ने किया स्वागत

## सब समान-सबको सम्मान की मूल भावना पर आधारित यूसीसीः स्वप्निल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ टीकमगढ़

मध्य प्रदेश विधानसभा में समान नागरिक संहिता यूसीसी विधेयक पारित होने के बाद भारतीय जनता पार्टी ने इसका स्वागत किया है। भाजपा जिला मीडिया प्रभारी एवं जिला पदाधिकारी स्वप्निल तिवारी ने इसे सभी नागरिकों के लिए समान अधिकार और समान न्याय की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बताया, वहीं कांग्रेस द्वारा विधेयक के विरोध पर सवाल उठाए।

स्वप्निल तिवारी ने जारी बयान में कहा कि मानसून सत्र के दौरान तकनीकी एवं रोजगार मंत्री गौतम टेटवाल ने विधानसभा में यूसीसी विधेयक प्रस्तुत किया, जिस पर चर्चा के बाद मंगलवार को ध्वनिमत से इसे पारित कर राज्यपाल की मंजूरी के लिए भेज दिया गया। उन्होंने कहा कि प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने भी इस विधेयक की मूल भावना सब समानझसबको सम्मान बताते हुए इसे सामाजिक



समानता की दिशा में महत्वपूर्ण पहल बताया है। भाजपा मीडिया प्रभारी स्वप्निल ने दावा किया कि यूसीसी विधेयक तैयार करने की प्रक्रिया में प्रदेश के लगभग 10 लाख लोगों से प्राप्त सुझावों को शामिल किया गया है। उनके अनुसार, विधेयक में विवाह एवं तलाक का पंजीकरण, एक से अधिक विवाह पर रोक, तीन तलाक और हलाला से जुड़े प्रावधान तथा बच्चों को उत्तराधिकार में समान कानूनी अधिकार जैसे विषय शामिल किए गए हैं।

### ट्रेन से गिरकर जीआरपी हेड कांस्टेबल की मौत

ललितपुर। ललितपुर रेलवे स्टेशन पर बुधवार सुबह हादसे में झांसी जीआरपी में तैनात एक हेड कांस्टेबल की मौत हो गई। बताया गया कि ट्रेन में एस्कॉर्ट ड्यूटी के दौरान अचानक संतुलन बिगडने से वह नीचे गिर गए और गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्हें तत्काल राजकीय मेडिकल कॉलेज ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। हेड कांस्टेबल दीपक प्रताप, जो मूल रूप से ग्राम सुखीपुर, थाना बकेवर, जनपद इटावा के निवासी थे, इन दिनों झांसी जीआरपी में तैनात थे। बुधवार को उनकी ड्यूटी ट्रेन संख्या 11058 मुंबई सीएसएमटी एक्सप्रेस में एस्कॉर्ट के रूप में लगी थी। सुबह जब ट्रेन ललितपुर रेलवे स्टेशन पर थी, उसी दौरान किसी कारणवश हेड कांस्टेबल दीपक प्रताप का संतुलन बिगड़ गया और वह ट्रेन से नीचे गिर पड़े। हादसे में उन्हें गंभीर चोटें आईं और वह लहूलुहान हो गए। घटना की सूचना मिलते ही जीआरपी और आरपीएफ के अधिकारी एवं जवान तत्काल मौके पर पहुंचे। घायल हेड कांस्टेबल को तत्काल राजकीय मेडिकल कॉलेज पहुंचाया गया, लेकिन चिकित्सकों ने परीक्षण के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना मृतक के परिजनों को दे दी गई है। हादसे के कारणों की भी जांच की जा रही है।

# जंतर-मंतर आंदोलन के समर्थन में पलेरा के छात्र सड़कों पर, शिक्षा मंत्री के इस्तीफे की मांग

### तहसीलदार को सौंपा ज्ञापन, खेल मैदान की बदहाली और असामाजिक गतिविधियों पर भी जताया आक्रोश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पलेरा

दिल्ली के जंतर-मंतर पर विभिन्न राष्ट्रीय मुद्दों को लेकर चल रहे छात्र आंदोलन के समर्थन में गुरुवार को पलेरा के छात्रों और युवाओं का आक्रोश भी सामने आया। छात्र संघ एवं नगर के युवाओं ने एकजुट होकर तहसील कार्यालय पहुंचकर तहसीलदार को ज्ञापन सौंपा।

ज्ञापन में जंतर-मंतर पर प्रदर्शन कर रहे छात्रों के समर्थन में केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे की मांग उठाने के साथ-साथ पलेरा नगर परिषद के खेल मैदान की बदहाल स्थिति को लेकर भी प्रशासन का ध्यान आकर्षित किया गया। छात्रों ने कहा कि देशभर के छात्रों की मांगों की लगातार अनदेखी की जा रही है, जिसके विरोध में दिल्ली के जंतर-मंतर पर आंदोलन जारी है। उनका कहना था कि नैतिक जिम्मेदारी लेते हुए केंद्रीय शिक्षा मंत्री को अपने पद से इस्तीफा देना चाहिए। साथ ही उन्होंने स्थानीय स्तर पर खेल सुविधाओं की उपेक्षा पर भी नाराजगी जताई। ज्ञापन में बताया गया कि पलेरा का नगर परिषद खेल मैदान लंबे समय से बदहाल स्थिति में है। शाम होते ही यहां असामाजिक



तत्वों का जमावड़ा लग जाता है। मैदान में शराबखोरी, कांच की बोतलें तोड़ने और खुले में शौच जैसी गतिविधियां होने से खिलाड़ियों और आम नागरिकों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। छात्रों ने आरोप लगाया कि मैदान में बड़ी-बड़ी घास उग आई है तथा कई स्थानों पर खुदाई के कारण गहरे गड्ढे बने हुए हैं, जिससे दौड़ और खेल का अभ्यास करने वाले युवाओं के घायल होने का खतरा बना रहता है। छात्रों ने मांग की कि खेल मैदान की तत्काल साफ-सफाई कराई जाए, असामाजिक गतिविधियों पर सख्ती से रोक लगाई जाए, मैदान के गड्ढों को भरकर समतलीकरण कराया जाए तथा खिलाड़ियों की सुविधा के लिए रनिंग ट्रैक और रात्रिकालीन अभ्यास हेतु प्रकाश व्यवस्था की जाए। तहसीलदार ने दोपहर करीब 12:30 बजे छात्रों का ज्ञापन स्वीकार करते हुए आवश्यक प्रशासनिक कार्रवाई के निर्देश दर्ज किए। ज्ञापन सौंपने के दौरान समाजवादी पार्टी ओबीसी प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष रामकुमार यादव, आजाद समाज पार्टी के जिला उपाध्यक्ष केएल राहुल अहिरवार, जिला महासचिव रहीस अहिरवार, माते अहिरवार, हरिशंकर अहिरवार, अंकित, गोलू अहिरवार, अमित अहिरवार, विजय कुशवाहा, शिवम अहिरवार, अजय अहिरवार, विवेक अहिरवार, विजय अहिरवार सहित छात्र संघ के पदाधिकारी एवं नगर के अनेक युवा उपस्थित रहे।

### जिला कारागार का निरीक्षण किया

ललितपुर। जनपद न्यायाधीश, अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अशोक कुमार सिंह के निर्देशानुसार, देवप्रिय सारस्वत, सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ललितपुर की अध्यक्षता में जिला कारागार का निरीक्षण किया गया। पाकशाला (रसोईघर) में भोजन की गुणवत्ता, स्वच्छता, भंडारण व्यवस्था एवं निर्धारित मानकों के अनुरूप खाद्य सामग्री की उपलब्धता का जायजा लिया गया। निरीक्षण के समय पाकशाला की व्यवस्थाएँ संतोषजनक पाई गईं। पुरुष बंदी बैरक में बैरकों में साफ-सफाई, प्रकाश, पेयजल एवं शौचालय व्यवस्था का अवलोकन किया गया। बंदियों से संवाद कर उनकी समस्याएँ सुनी गईं तथा उन्हें निःशुल्क विधिक सहायता के अधिकारों की जानकारी दी गई। महिला बंदी बैरक में महिला बंदियों के लिए उपलब्ध मूलभूत सुविधाओं, स्वच्छता, सुरक्षा एवं स्वास्थ्य व्यवस्थाओं की समीक्षा की गई। निरीक्षण के दौरान कुछ महिला बंदियों द्वारा निःशुल्क अधिवक्ता की मांग की गई, जिस पर तत्काल नियमानुसार कार्रवाई के निर्देश दिए गए। किशोर बैरक में साफ-सफाई, प्रकाश, पेयजल व स्वच्छता व्यवस्था का अवलोकन कर किशोरों को उनके विधिक अधिकारों से अवगत कराया गया। अस्पताल बैरक में स्वास्थ्य परीक्षण, औषधियों की उपलब्धता, चिकित्सीय अभिलेखों के रख-रखाव एवं स्वच्छता का निरीक्षण किया गया। आवश्यक चिकित्सीय सुविधाएँ उपलब्ध पाई गईं।

## बूथ अध्यक्ष सम्मेलन संपन्न

## बूथ अध्यक्ष कमेटी, कार्यकर्ताओं के साथ डिजिटल लर्निंग प्रोग्राम सफल कराएं



हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर

भारतीय जनता पार्टी का ललितपुर विधानसभा का बूथ अध्यक्ष सम्मेलन बाबू कल्याण सिंह संभागार में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष पं हरिश्चंद्र रावत ने की और संचालन कार्यक्रम के विधानसभा संयोजक बलराम सिंह लोधी ने किया। सहकारी बैंक उपाध्यक्ष श्रीकांत कुशवाहा द्वारा मुख्य अतिथि का स्वागत किया गया।

सम्मेलन में मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व युवा मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष एवं एम एल सी पं प्रांशु दत्त द्विवेदी उपस्थित रहे। कार्यक्रम की रुपरेखा रखते हुए जिला अध्यक्ष हरिश्चंद्र रावत ने ललितपुर विधानसभा के बूथ अध्यक्षों को सम्बोधित करते हुए कहा कि भारतीय जनता पार्टी के उच्च नेतृत्व के निर्देश पर चल रहे कार्यक्रम के अन्तर्गत आपको डिजिटल लर्निंग प्रोग्राम कराना है। इसके लिए हमें अपने जिम्मेदार पदाधिकारियों से आग्रह करना है कि वे अधिक से अधिक समय दें और प्रोग्राम को सफल बनाने में सहयोग करें। इसके अलावा बूथ अध्यक्ष अपनी वारह लोगों की कमेटी और आठ सक्रिय कार्यकर्ताओं की टोली के साथ छब्बीस तारीख तक डिजीटल लर्निंग प्रोग्राम सफल कराने का प्रयास करें ताकि हमारे जिला का नाम प्रदेश में प्रथम स्थान पर आये। उन्होंने बूथ अध्यक्षों से लगातार जिला और मण्डल के कार्यकर्ताओं से सम्पर्क रखने का आग्रह किया।

सदर विधायक रामरतन कुशवाहा एड ने कहा कि हमारा कार्यकर्ता ही हमारी पार्टी की धुरी होता है जो संगठन को मजबूती और विशालता प्रदान करता है। उन्होंने कहा कि हम लोग उस पार्टी के कार्यकर्ता हैं जो विश्व की सबसे बड़ी पार्टी है। उन्होंने कहा कि हमारा संकल्प जो दो हजार सैंतालीस तक विकसित भारत बनाने का है उसके लिए हमारे बूथ से ही हमें सुझाव के साथ भविष्य में विकास कार्यों के होने के लिए कृत संकल्पित होना है और जिसमें सड़क को मजरों तक जोड़ना, प्रत्येक पांच कि मी के बीच विद्यालय,जलजीवन मिशन के तहत हर घर में शुद्ध जल पहुंचाने का है ।

## गाली-गलौज का विरोध करना पड़ा भारी

## बीच-बचाव करने पहुंची विवाहिता से की मारपीट

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर

थाना तालबेहट क्षेत्र के ग्राम कडेसराकलां मजरा कतरयाना में पुरानी रंजिश को लेकर हुए विवाद में बीच-बचाव करने पहुंची एक विवाहिता के साथ मारपीट किए जाने का मामला सामने आया है।

आरोप है कि गाली-गलौज का विरोध करने पर आरोपी युवक ने महिला को लात मारकर घायल कर दिया, जबकि उसकी मां भी विवाद में शामिल रही। पीड़ित पक्ष की तहरीर पर पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। ग्राम कडेसराकलां मजरा कतरयाना निवासी सुजान सिंह यादव पुत्र इमरत सिंह यादव ने थाने में दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया कि 21 जुलाई 2026 की शाम करीब 7.30 बजे उनके भतीजे निहाल पुत्र शेर सिंह के साथ गांव के ही मलखान उर्फ जयसिंह यादव पुत्र रतन यादव और उसकी मां गुडडी पत्नी रतन यादव पुरानी रंजिश को लेकर गाली-गलौज कर रहे थे। विवाद बढ़ता देख सुजान सिंह की 20 वर्षीय भतीजी नेहा पत्नी नीरज बीच-बचाव कराने मौके पर पहुंची। आरोप है कि इसी दौरान मलखान उर्फ जयसिंह यादव ने गुस्से में आकर नेहा को लात मार दी, जिससे वह सड़क पर गिर गई और उसे चोटें आईं। शोर-शराबा सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंचने लगे। आरोप है कि इसके बाद मलखान और उसकी मां गुडडी उसके परिवार को जान से मारने की धमकी देते हुए मौके से चले गए।

## दहेज में बुलेट बाइक और नकदी की मांग

## विवाहिता को प्रताड़ित करने के आरोप में पांच पर मुकदमा दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर

दहेज की मांग को लेकर विवाहिता के साथ मारपीट और मानसिक प्रताडऩा का मामला सामने आया है। पीड़िता के पिता की शिकायत पर तालबेहट थाना पुलिस ने पति, सास, ससुर, जेठ और जेठानी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। ग्राम असऊपुरा मजरा नयाखेड़ा निवासी रवीन्द्रपाल सिंह ने दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया कि उन्होंने अपनी पुत्री नीलम राजा का विवाह 8 दिसंबर 2016 को जिला झांसी के थाना टोडी अंतर्गत ग्राम फतेहपुर निवासी केशवेन्द्र सिंह पुत्र भगवान सिंह के साथ हिंदू रीति-रिवाज से किया था। विवाह के समय दान-दहेज भी दिया गया था। शादी के कुछ वर्षों बाद ससुराल पक्ष ने विवाहिता से बुलेट मोटरसाइकिल और 20 हजार रुपये नकद लाने का दबाव बनाना शुरू कर दिया।

आरोप है कि मांग पूरी नहीं होने पर विवाहिता को लगातार प्रताड़ित किया जाने लगा। शिकायत में कहा गया है कि 15 फरवरी 2026 को पति केशवेन्द्र सिंह ने विवाहिता के साथ मारपीट की। घटना की जानकारी मिलने पर 21 फरवरी को उसके पिता अपनी बेटी और उसके आठ वर्षीय पुत्र को मायके ले आए। पीड़िता ने आरोप लगाया कि पति के अलावा ससुर भगवान सिंह, सास बब्बू राजा, जेठ राहुल राजा और जेठानी बेबी राजा भी उसे दहेज की मांग को लेकर प्रताड़ित करते थे।

## कारीपहाड़ी का मामला डीएम के पास पहुंचे ग्रामीण, घूसखोरी का आरोप लगाया

# पीएम आवास योजना में 10 हजार दो-आवास लो की शिकायत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर

विकास खंड जखौरा की ग्राम पंचायत कारीपहाड़ी में प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण के चयन को लेकर गंभीर अनियमितताओं के आरोप सामने आए हैं। ग्राम पंचायत के दर्जनों ग्रामीणों ने जिलाधिकारी को शिकायती प्रार्थना पत्र सौंपकर ग्राम प्रधान एवं ग्राम पंचायत सचिव पर रिश्वत मांगने, मनमाने ढंग से पात्र लोगों के नाम अंतिम सूची से हटाने तथा योजना में धांधली करने का आरोप लगाया है। ग्रामीणों ने पूरे प्रकरण की निष्पक्ष जांच कर दोषियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की मांग की है। ग्रामीणों द्वारा जिलाधिकारी को दिए गए शिकायती पत्र में कहा गया है कि प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण की अंतिम लाभार्थी सूची ग्राम प्रधान और ग्राम पंचायत सचिव द्वारा नियमों को



दरकिनार कर तैयार की गई। आरोप है कि सूची तैयार करने से पहले न तो ग्राम सभा की खुली बैठक आयोजित की गई और न ही आवास प्लस सर्वे सूची का सार्वजनिक सत्यापन कराया गया। बिना भौतिक जांच के ही कई वास्तविक पात्र परिवारों को अपात्र घोषित कर अंतिम सूची से बाहर कर दिया गया। शिकायत में सबसे गंभीर आरोप यह लगाया गया है कि योजना का लाभ दिलाने के नाम पर प्रत्येक पात्र लाभार्थी से 10 हजार रुपये की अवैध धनराशि मांगी गई। ग्रामीणों का कहना है कि जो लोग पैसे देने में असमर्थ रहे या जिन्होंने रिश्वत देने से इनकार कर दिया, उनके नाम अंतिम सूची से हटा दिए गए। जिससे गरीब और जरूरतमंद परिवार सरकारी योजना के लाभ से वंचित हो रहे हैं। ग्रामीणों ने उन लोगों की सूची भी संलग्न की है, जिनके नाम कथित रूप से अंतिम सूची से हटा दिए गए। इनमें प्रीति पत्नी रामू, रानी, रूबी रैकवार पत्नी मनोज कुमार, रेखा केवट पत्नी जगत सिंह, कौशल पत्नी नीलू, रजनी पत्नी राहुल, उमा पत्नी सचिन, हरदेवी पत्नी बाबू, रानी पत्नी कृष्णा, मिथलेश पत्नी मुकेश, हेमा पत्नी गजेन्द्र, पार्वती पत्नी सुका, नेहा पत्नी तारा सिंह, लक्ष्मी पत्नी सुरेन्द्र कुमार, अभिलाषा पत्नी पुष्पेन्द्र, विमला पत्नी आजाद, वर्षा पत्नी राजाबाबू, रिंकी पत्नी अनिल, नंदनी पत्नी बाबूलाल, जशौदा पत्नी कैलाश, नैनसी पत्नी सुदीप तथा विकास पुत्र कैलाश सहित अन्य पात्र लाभार्थियों के नाम शामिल बताए हैं।

### खुले में चल रही मीट दुकानों को बंद कराने, शव वाहन उपलब्ध कराने की मांग

# अव्यवस्थाओं से नाराज भाजपा कार्यकर्ता चढ़ा पानी की टंकी पर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर



विजयपुर में प्रशासन के हाथ पांव तब फूल गए, जब भाजपा शोसल मीडिया प्रभारी सौरभ जादौन नगर में व्याप्त अव्यवस्थाओं से तंग आकर 50 फीट ऊंची पानी की टंकी पर चढ़ गया। इस युवा भाजपा कार्यकर्ता ने नाराज होकर टंकी पर चढ़ने के पीछे जो कारण बताए उस कारण को जान नगर के और लोग भी उसके आंदोलन में शामिल हो गए देखते ही देखते टंकी के नीचे उक्त युवा भाजपा कार्यकर्ता के समर्थन में भीड़ जुट गई। चार घंटे तक चले इस ड्रामे का अंत तब हुआ जब तहसीलदार मस्तराम ने मौके पर पहुंचकर सभी मांगों को हल कराने बैठक के लिए आमंत्रित किया। युवा भाजपा कार्यकर्त्ता की मांग है कि बाजार में खुले में संचालित हो रही मीट की दुकाने बंद कराई जाए और जिला अस्पताल में रखे दो शव वाहनों में से एक विजयपुर को उपलब्ध कराया जाए।

गुरुवार को सुबह 7 बजे के करीब भाजपा सोशल मीडिया प्रभारी सौरभ जादौन विजयपुर में बनी 50 फीट उंची पानी की टंकी पर भारत माता की जय और जय जय श्रीराम के नारे लगाते हुए चढ़ गया। टंकी पर पहुंच कर सबसे पहले उसने अपने मोबाइल से सोशल मीडिया पर पोस्ट डाली, जिसमें प्रशासनिक अव्यवस्थाओं से तंग आकर टंकी पर चढ़ने को कारण बताया गया। चेतावनी भी दी गई कि वह टंकी पर तब तक चढ़ा रहेगा जब तक उसकी मांगे नहीं मानी जाएगी, इस दौरान अगर किसी ने ऊपर आने का प्रयास किया तो वो गलत कदम उठा सकता है। उसकी प्रमुख दो मांगे हैं जिनमें एक बीच बाजार में खुले में संचालित मीट की दुकानों को बंद कराया जाए इससे धार्मिक भावना आहत हो रही है साथ ही लोगों को मानसिक रूप से परेशानी झेलना पड़ रही है। दूसरी मांग विजयपुर में शव वाहन की व्यवस्था की जाए जिला मुख्यालय पर राज्य सरकार द्वारा भेजे गए 2 शव वाहन जिला अस्पताल में रखे हैं इनमें से एक वाहन को विजयपुर भेजा जाए।

एक शव वाहन को जिला मुख्यालय से विजयपुर में भेजे जाने के बाद भी वहां जिला मुख्यालय पर 2 वाहन मौजूद रहेंगे,क्योंकि एक शव वाहन नगर पालिका परिषद द्वारा संचालित किया जा रहा है। शव वाहन नहीं होने से विजयपुर में अस्पताल में मृत हुए लोगों के शव को घर ले जाने में बड़ी परेशानी होती है युवा कार्यकर्ता की इस मांग का समर्थन विजयपुर वासियों ने भी खूब जमकर किया और टंकी के नीचे खड़े होकर उसका समर्थन में नारे लगाए। इस दौरान एसडीएम अभिषेक मिश्रा के निर्देश पर मौके पर पहुंचे तहसीलदार मस्तराम ने उन्हें नीचे आने का आमंत्रण देते हुए आश्वासन किया कि उनकी जो भी मांगे होगी उसे पूरा करने का प्रयास किया जाएगा तहसीलदार के आश्वासन के बाद युवा कार्यकर्ता नीचे उतरा और प्रतिनिधिमंडल के साथ नगर परिषद कार्यालय में बैठकर चर्चा की जहां यह सहमति बनी कि फिलहाल यहां सीएमओ मौजूद नहीं है जैसे ही सोमवार को सीएमओ आएंगे तो नगर परिषद के माध्यम से खुले में मीट बिक्रय को रोकने और दुकान पूर्ण रूप से बंद कराने का काम किया जाएगा। वहीं एसडीएम के माध्यम से कलेक्टर को पत्र लिखकर श्योपुर से एक शव वाहन विजयपुर भेजने के लिए अनुरोध किया जाएगा।

#### जगन्नाथपुरी रथ यात्रा में हुआ था विवाद

बुधवार को विजयपुर में निकली जगन्नाथ पुरी की रथ यात्रा के दौरान भी बाजार में मीट की दुकान खुली होने से विवाद हुआ था। श्रद्धालुओं ने इस धार्मिक यात्रा के दौरान भी मीट की दुकान बंद नहीं रखना और खुले में कटे हुए मांस को लटकाकर रखने पर भारी नाराजगी जताई थी जिसका हवाला भी गुरुवार को टंकी पर चढ़े प्रदर्शनकारी भाजपा कार्यकर्ता ने किया उनका कहना है था कि जब प्रदेश के मुखिया डॉ मोहन यादव खुले में मीट विक्रय नहीं करने के निर्देश स्पष्ट रूप से दे चुके हैं तो फिर विजयपुर प्रशासन किस नियम से बाजार में खुले में मीट बिक्रय करवा रहा है।

#### इनका कहना है...

एक युवा के अव्यवस्थाओं से नाराज होकर पानी की टंकी पर चढ़ गया था जिसे समझाइश के बाद उतार लिया गया है। उनके साथ आए लोगों की मांग थी कि खुले में मांस काटे जाने और बेचे जाने का व्यापार बंद हो इस संबंध में सीएमओ को निर्देशित कर दिया गया है। सोमवार से मीट की दुकान बंद कराए जाएं साथ ही एसडीएम के माध्यम से कलेक्टर को शव वाहन विजयपुर भेजने के लिए पत्र लिखा जाएगा।

**मस्तराम**
**तहसीलदार विजयपुर**

### एनकोर्ड की बैठक आयोजित, एसपी बोले सीमावर्ती नाको पर बढ़ाएंगे निगरानी

# नशामुक्ति अभियान चलाएं, एनडीपीसी एक्ट में कड़ी कार्यवाही करें:कलेक्टर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर



नशामुक्ति अभियान के तहत लोगों को मादक पदार्थ, नशीली दवाओं के सेवन से होने वाले दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक किया जाए। इसके लिए स्कूल, कॉलेजों में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किये जाये। इसके साथ ही नशीले पदार्थो का विक्रय करने वालो पर एनडीपीसी एक्ट में कडी कार्यवाही की जाए। यह निर्देश कलेक्टर शीला दाहिमा ने गुरूवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित एनकोर्ड की बैठक को संबोधित करते हुए दिए। बैठक में नवागत एसपी मोती उर रहमान, एसडीएम श्योपुर गगन सिंह मीणा, कराहल बीएस श्रीवास्तव, उप संचालक सामाजिक न्याय शशिकिरण इक्का, जिला स्वास्थ्य अधिकारी डॉ जेएन सक्सैना, सहायक आबकारी अधिकारी लोकेश तिवारी, ड्रग इस्पेक्टर मनीष कुशवाह सहित अन्य विभागों के अधिकारी उपस्थित थे।

कलेक्टर शीला दाहिमा ने मादक पदार्थो की तस्करी और नशीली दवाओं के दुरुपयोग को रोकने के लिए विभिन्न विभागों के बीच समन्वय को लेकर आयोजित बैठक में निर्देश दिये कि मेडिकल स्टोर्स की सतत रूप से जांच की जायें तथा बगैर लाइसेंस के संचालित मेडिकल स्टोर्स पर कडी कार्यवाही की जायें, इसी प्रकार कोडीन, एलपरजोम, क्लोनाजेपम, एविल आदि ऐसे ड्रग्स जो बगैर डॉक्टर के पर्चे के दिये जाना प्रतिबंधित है, उनका स्टॉक चैक किया जायें और ऐसे मेडिकल स्टोर जो इन दवाओं को सीधे विक्रय कर रहे है, उन्हें शील्ड करने की कार्यवाही की जायें। नवागत एसपी मोती उर रहमान ने कहा कि राजस्थान से लगे जिले के सीमावर्ती नाके कुंहाजापुर, सामरसा, जलालपुरा, सूसवाडा आदि पर निगरानी को अधिक बढाया जायेगा। इस दौरान उन्होंने अधीनस्थ पुलिस अधिकारियों को निर्देश दिये कि प्रत्येक नाको से चैकिंग के संबंध में विस्तृत पालन प्रतिवेदन संबंधित थानो से प्राप्त किया जायें, जिसमें प्रतिदिन चैक किये जाने वाले वाहनों, उनके वाहन क्रमांक तथा चैकिंग करने वाले दल की जानकारी शामिल होना चाहिए। बैठक में गत जून माह में की गई कार्यवाही के संबंध में पुलिस विभाग, आबकारी विभाग तथा ड्रग इंस्पेक्टर के द्वारा जानकारी प्रदान की गई।

#### नशामुक्ति अभियान के तहत मैराथन 29 को

कलेक्टर शीला दाहिमा की पहल पर शुरू हुए क्रियेटिव श्योपुर की संकल्पना के क्रम में नशामुक्ति अभियान के तहत 29 जुलाई को नशे के दुष्परिणामों के प्रति जन जागरूकता के उद्धेश्य से मैराथन दौड आयोजित की जायेगी। बैठक में लिये गये निर्णय अनुसार सामाजिक न्याय विभाग के तत्वाधान में आयोजित मैराथन में कॉलेज छात्र सहित एनएसएस, एनसीसी के विद्यार्थी, सामाजिक कार्यकर्ता, संस्थाएं तथा खिलाडी शामिल होंगे।

### थाना प्रभारियों के साथ नवागत एसपी ने की वन टू वन चर्चा, दिए निर्देश

# आदतन अपराधियों पर निगरानी रखो, नशे के खिलाफ सख्त कार्रवाई करो:रहमान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर



शहर समेत जिलेभर में अवैध नशा कारोबार किसी भी कीमत पर नहीं चलना चाहिए। इस कारोबार में जो भी लोग लिप्त नजर आए,उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए। आदतन अपराधियों पर निगरानी रखते हुए उनकी समय समय पर चैकिंग की जाए। जो व्यक्ति अपनी परेशानी लेकर थाने आए, उसकी परेशानी को गंभीरता से सुनते हुए उसके निराकरण के लिए कार्रवाई की जाए।

यह निर्देश नवागत एसपी मोती उर रहमान ने गुरुवार को पुलिस कंट्रोलरूम में जिले के सभी थाना प्रभारियों की बैठक के दौरान दिए। करीब ढाई घंटे चली इस बैठक में नवागत एसपी मोती उर रहमान ने पहले सभी थाना प्रभारियों से परिचय प्राप्त किया और फिर थाने में दर्ज अपराध और उनके निराकरण को लेकर सभी थाना प्रभारियों से वन टू वन चर्चा की। बैठक के दौरान नवागत एसपी ने सभी थाना प्रभारियों को नशे के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने के निर्देश देते हुए कहा कि नशे के अवैध कारोबार को लेकर किसी भी प्रकार की ढिलाई और लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। इस मामले में सभी थाना प्रभारी सख्ती दिखाते हुए कार्रवाई करें। नवागत एसपी ने जुआ सट्टा जैसी अवैध गतिविधियों में संलिप्त बदमाशों के खिलाफ कठोर कार्यवाही करने के साथही दुरुस्त कानून व्यवस्था एवं चोरी की घटनाओं पर अंकुश लगाये के लिए गश्त व्यवस्था को प्रभावी बनाने के निर्देश दिए।

उन्होंने पुलिसिंग में कसावट लाने और अपराधों के निराकरण के साथही यातायात व्यवस्था में सुधार करने भी निर्देश दिए। बैठक में एएसपी प्रवीण भूरिया सहित अन्य पुलिस अधिकारी और थाना प्रभारी मौजूद थे।

# मौलाना सादिक बने शिक्षा प्रसार समिति के अध्यक्ष



**श्योपुर।** गुरुवार को जमीयत उलेमा ए हिंद की जिला स्तरीय बैठक दारुल उलूम हुसैनपुरा मस्जिद ईदगाह रोड पर आयोजित हुई, जिसमें मुस्लिम समाज में शिक्षा के गिरे स्तर को ऊंचा उठाने पर चिंतन-मनन हुआ और निर्णय लिया गया की इस अभियान में उलमा ए दीन की खिदमत ली जाए जिसके लिए मौलाना सादिक की अध्यक्षता में एक कमेटी बनाई गई। इससे पहले कार्यक्रम की जानकारी देते हुए जमियत के जिलाध्यक्ष हाफ़जि आदिल कुरैशी ने शिक्षा क्यों जरूरी हैं विषय पर उलमाए दीन की बातों से रूबरू कराया। बैठक में तीन बिन्दुओ पर परिचर्चा हुई जिसमें 1 मज़बूत एजुकेशन सिस्टम, 2 एक अच्छे स्कूल की स्थापना, 3 ज़िला और तहसील कमेटियों का चुनाव शामिल था। बैठक में चर्चा के बाद उलेमा ए दीन की शिक्षा के लिए एक ज़िला स्तरीय कमिटी गठित की गई, जिसके सदर मौलाना सादिक, नायब सदर मुफ़्ती मुंतज़र, साहब और मुफ़्ती अबरार मुफ़्ती राहिल, मुफ़्ती सोहेल कुरैशी, मुफ़्ती शाह हुसैन, जनरल सेक्रेटरी हाफ़िज़ मुहम्मद आदिल कुरैशी, डिप्टी सेक्रेटरी मौलाना अब्दुल मलिक, ट्रेज़रर हाफ़िज़ शराफ़त, मौलाना मुहम्मद जावेद साहब को बनाया गया। इसके अलावा मीटिंग में शामिल इमाम और विद्वानों को मेंबर बनाया गया और इस पूरी कमिटी के पैट्रन मौलाना कमरुद्दीन, हाफ़िज़ मुहम्मद मकसूद और हाफ़िज़ मुहम्मद शहज़ाद ने किया।

# भगवान परशुराम के नाम से चौक और स्तंभ स्थापित कराने की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर



जिला मुख्यालय पर भगवान परशुराम चौक और स्तंभ स्थापित कराए जाने की मांग को लेकर सर्व ब्राह्मण महासभा एवं सनाढ्य ब्राह्मण महासभा ने भाजपा जिला अध्यक्ष शशांक भूषण को ज्ञापन सौंपा। संयुक्त रूप से सौंपे गए अलग-अलग ज्ञापनों में उल्लेख किया गया है कि भगवान परशुराम के नाम से चौक एवं स्तंभ स्थापित करने के लिए पूर्व नगर पालिका परिषद ने संकल्प पारित किया था जिसके लिए पाली रोड स्थित एफसीआई गोदाम के पास खुली भूमि को परशुराम चौक घोषित कर पार्क निर्माण करने के साथ-साथ स्तंभ के रूप में भगवान परशुराम की आकर्षक प्रतिमा लगाने का निर्णय पारित हुआ था लेकिन उक्त निर्णय पर अभी तक अमल नहीं हुआ है। प्रतिनिधि मंडल ने भाजपा जिला अध्यक्ष से अनुरोध किया कि वह परिषद के उक्त संकल्प को पूर्ण करने के लिए परिषद पर अपने पद का प्रयोग करें। भाजपा जिला अध्यक्ष ने भरोसा दिलाया कि वह इस संबंध में नगर पालिका अध्यक्ष एवं अन्य पार्षदों से चर्चा करेंगे।

### युवा कांग्रेस जिलाध्यक्ष के साथ मारपीट, तीन अज्ञात लोगों पर एफआईआर दर्ज

**श्योपुर।** युवा कांग्रेस जिलाध्यक्ष रामभरत मीणा के साथ मारपीट किए जाने का मामला सामने आया है। कोतवाली थाना पुलिस ने युवा कांग्रेस जिलाध्यक्ष की शिकायत पर तीन अज्ञात लोगों के खिलाफ मारपीट का मामला दर्ज कर लिया है। कोतवाली पुलिस ने बताया कि रामभरत मीणा पुत्र रामहेत मीणा निवासी कंवरसली ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि बुधवार की रात करीब सवा 10 बजे जब वह श्रीराम धर्मशाला के पास खडा था,तभी तीन लोगो ने उसकी कार पर हाथ रखने की मना करने की बात को लेकर गाली गलौच करते हुए मारपीट कर दी और जान से मारने की धमकी दे डाली। पुलिस ने रामभरत मीणा की रिपोर्ट पर तीन अज्ञात लोगों पर मारपीट का मामला दर्ज उनकी तलाश शुरू कर दी गई है।

# पत्नी की जबरदस्ती दूसरी शादी करने का आरोप

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

शहर से सटे गांव रायपुरा निवासी एक युवक ने उसकी पत्नी की दूसरी शादी जबरदस्ती कराने का आरोप पत्नी के माता पिता पर लगाया है और पुलिस अधिकारियों से बिना तलाक दिए करवाई जा रही पत्नी की दूसरी शादी को रूकवाए जाने की गुहार लगाई है।

ग्राम रायपुरा निवासी लेखराज शिवहरे पुत्र स्व अशोक शिवहरे ने देहात थाना प्रभारी समेत अन्य वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों को दिए आवेदन में बताया है कि श्योपुर निवासी ज्योति शिवहरे पुत्री सुरेशचंद शिवहरे और मैने करीब दो साल पहले आपसी रजामंदी से घर से भागकर कोटा राजस्थान में कोर्ट मैरिज की थी। जिसके फोटो उसके पास मौजूद है। इसके बाद दोनो सुखमय जीवन व्यतीत कर रहे थे। तभी शादी के कुछ महीने बाद ही उसकी पत्नी का मुंहबोला भाई जीतू शिवहरे पत्नी को लिवाने के लिए आया। तब ज्योति मुझसे यह बात कहकर जीतू के साथ चली गई कि जब पिताजी मान जाएंगे,तब मै वापस आ जाउगी। इसके बाद ज्योति तिजोरी में रखे दो तोला सोने के हार दो चुटकी चांदी की साथ लेकर चली गई। चूंकि उस समय मै बीमारी का इलाज कराने गया था। अब पत्नी को परिवार के लोग वापस नहीं भेज रहे है और उसकी 25 जुलाई को दूसरी शादी जबरदस्ती इटावा राजस्थान में करवा रहे है। लेखराज ने पुलिस प्रशासन से इस मामले में न्याय दिलवाए जाने और उसकी पत्नी की दूसरी शादी रूकवाए जाने की गुहार लगाई है। इस मामले में देहात थाना प्रभारी राहुल रघुवंशी का कहना है कि युवक के आवेदन पर हमने युवती को बुलाया था तो उसने शादी करने की बात से इनकार किया है तथा इनका मामला न्यायालय में भी चल रहा है।

### पहली बार मातासूला गांव के लोगों को मिलेगी पक्की सड़क की सुविधा, खुशी की लहर दौड़ी

# सलापुरा नहर से मातासूला तक बनेगी 12 किमी लंबी सड़क, 36 करोड़ रुपए मंजूर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर



आजादी के बाद से पक्की सड़क की सुविधा से वंचित बने मातासूला गांव के ग्रामीणों को अब जल्द ही डामरीकृत सड़क की सुविधा मिल जाएगी, क्योंकि उनकी सालो पुरानी सड़क बनाए जाने की मांग को शासन ने मंजूर कर लिया है। सलापुरा नहर से मातासूला गांव तक 12 किलोमीटर लंबी सडक बनाए जाने के लिए शासन की ओर से 36 करोड़ रुपए स्वीकृत कर दिए है। सड़क का निर्माण लोक निर्माण विभाग के द्वारा किया जाएगा। लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों का कहना है कि इस सडक निर्माण कार्य को लेकर जैसी ही शासन की ओर से प्रशासकीय स्वीकृति प्राप्त होगी,वैसे ही सडक का निर्माण शुरू कराने के लिए टेंडर प्रक्रिया शुरू कर देगे। वर्षों पुरानी सडक की इस मांग के मंजूर होने से मातासूला सहित आसपास के ग्रामीणों में खुशी की लहर दौड गई है। क्योंकि इस सडक से न केवल मातासूला,बल्कि आसपास बसे गांव के ग्रामीणों को भी अपने गांव पहुंचने में सुविधा मिलेगी।

दरअसल मातासूला गांव श्योपुर विकासखंड क्षेत्र का ऐसा गांव है, जो अभी तक डामरीकृत सडक से जुड नहीं सका है। जिसकारण मातासूला के ग्रामीणों को बारिश के दिनों में गांव पहुंचने के लिए खासी परेशानियां उठानी पड रही है। इसलिए मातासूला गांव को सडक से जोडने के लिए काफी समय से ग्रामीण मांग उठा रहे हैं। वहीं क्षेत्रीय लोगों के द्वारा धरना प्रदर्शन करते हुए मातासूला तक सडक बनाए जाने की मांग उठाई गई। इस मामले में लोक निर्माण विभाग के द्वारा सलापुरा नहर से मातासूला तक सडक बनाए जाने का प्रस्ताव तैयार करते हुए उसे स्वीकृति के लिए शासन की ओर भेजा गया है। बताया जा रहा है कि लोक निर्माण विभाग के इस प्रस्ताव को शासन ने मंजूर करते हुए सलापुरा से मातासूला तक सडक बनाए, जाने के लिए 36 करोड रूपए की राशि बजट में शामिल कर ली गई है।

#### साढ़े पांच मीटर चौड़ी बनेगी सड़क

लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों की माने तो सलापुरा नहर से मातासूला गांव तक 12 किलोमीटर लंबी जो सडक बनाए जाएगी, वह साढे पांच मीटर चैडी होगी। सडक बनाने के दौरान जहां पुल पुलाई की जरूरत होगी,वहा पुल पुलिया भी बनाई जाएगी। इस सडक के लिए शासन ने बजट में 36 करोड रूपए की राशि स्वीकृति कर दी है। अब विभागीय अधिकारी इस सडक निर्माण के लिए प्रशासकीय स्वीकृति दिए जाने के लिए पत्र भेजेगे। उम्मीद है कि शासन की ओर से जल्द ही प्रशासकीय स्वीकृति मिल जाएगी। जिसके बाद लोक निर्माण विभाग इस सडक का निर्माण शुरू कराने के लिए टेंडर लगा देगा। लोक निर्माण विभाग के प्रभारी कार्यपालन यंत्री अनिल पटेल उम्मीद जता रहे है कि बारिश के मौसम के समाप्त होने के बाद सडक का निर्माण कार्य धरातल पर शुरू हो जाएगा।

#### आधा दर्जन से ज्यादा गांवों को मिलेगी सुविधा

सलापुरा नहर की पुलिया से मातासूला गांव तक बनाए जाने वाली 12 किलोमीटर लंबी सडक के बनने से जहां एक तरफ मातासूला गांव के ग्रामीणों को आवागमन की सुविधा मिलेगी। वहीं दूसरी तरफ मेडिकल कॉलेज के छात्र छात्राओ सहित स्टाफ को भी इस सडक के जरिए मेडिकल कॉलेज पहुंचने में सुविधा मिलेगी। इसके साथही ईच्छापुरा, नागदा, नगदी, हांसापुरा, तिल्लीपुर, कंवरसली और गोहेडा सहित आसपास के गांवों के ग्रामीणों को सुविधा मिलेगी।

#### सांसद ने जताया आभार

सलापुरा नहर से मातासूला तक सडक निर्माण की स्वीकृति शासन की ओर से दिए जाने पर क्षेत्रीय सांसद शिवमंगल सिंह तोमर ने भी प्रसन्नता व्यक्त करते हुए विधानसभा सभा अध्यक्ष नरेन्द्र सिंह तोमर, मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव, लोक निर्माण विभाग मंत्री राकेश सिंह के प्रति आभार जताया है।

# वृक्षमित्र ने ग्रामीणों के साथ मिलकर किया पौधरोपण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर



वृक्ष मित्र जयराम मीणा ने गुरूवार को ग्रामीणों के साथ मिलकर ग्राम बेहडावद में पौध रोपण किया और ग्रामीणों को भी बारिश के इस सीजन में पौधे लगाए जाने के लिए प्रेरित किया। दरअसल ग्राम बासोंद निवासी जयराम मीणा अब तक लाखों पौधे लगा चुके है और अभी भी उनका पौध लगाए जाने का सिलसिला चल रहा है। गुरूवार को वृक्षमित्र ने गिरिजाशंकर मीणा सहित अन्य कई ग्रामीणों के साथ मिलकर बेहडावद गांव में पौधे रोपित किए।

# दूर संचार सेवा दुरुस्त कराने केंद्रीय मंत्री को लिखा पत्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर



भाजपा नगर अध्यक्ष संजय मंगल ने केंद्रीय संचार मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया को पत्र भेजकर श्योपुर जिले में प्रस्तावित नवीन डाकघर एवं पासपोर्ट नागरिक सुविधा केंद्र का निर्माण कार्य शीघ्र प्रारंभ कराने की मांग की है। नगर अध्यक्ष मंगल ने केंद्रीय संचार मंत्री को लिखे गए पत्र में उल्लेख किया है कि नागरिक सुविधा केंद्र के लिए जमीन अधिग्रहण कर ली गई है। लंबित प्रक्रिया को शीघ्र पूर्ण कराने के लिए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए जाए, ताकि भूमि पूजन एवं निर्माण कार्य जल्द प्रारंभ हो सके। केंद्र के शुरू होने से जिलेवासियों को पासपोर्ट एवं डाक विभाग से संबंधित सेवाओं के लिए अन्य शहरों में नहीं जाना पड़ेगा और समय व धन की बचत होगी। साथ ही कराहल आदिवासी विकासखंड एवं आसपास के वन क्षेत्रों में स्थापित बीएसएनएल टावरों को सुचारु रूप से चालू कराने के लिए भी केंद्रीय मंत्री से पत्र के माध्यम से आग्रह किया है।

## खबर संक्षेप

### मारपीट की घटनाओं के कई मामले दर्ज

**अशोकनगर।** जिले के विभिन्न क्षेत्रों में मारपीट की घटनाओं के कई मामले दर्ज किए गये हैं। जिले के देहात थाना क्षेत्र के अंतर्गत जगदम्बा कॉलोनी निवासी भरत अहिरवार ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी रणवीर अहिरवार ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के शाढ़ौरा थाना क्षेत्र के अंतर्गत कंचनपुर चक्क निवासी परविंदर सिक्ख ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी सतपाल सिक्ख ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। इसी घटना में दूसरे पक्ष की ओर से सतपाल सिक्ख ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि अमरजीत गुरूदीप सिक्ख ने उससे मारपीट क और जान से मारने की धमकी दी। जिले के कदवाया थाना क्षेत्र के अंतर्गत कदवाया निवासी सोनम कुशवाह ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी नंदू, शिशुपाल, कल्ला और बाला बाई कुशवाह ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के बहादुरपुर थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम काछी बरखेडा निवासी जिलीशा पारदी ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी अरबिंद और अनुराज पारदी ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी।

### बैंक खाते से 50 हजार धोखाधड़ी पूर्वक निकाले

**अशोकनगर।** जिले के मुंगावली थाने के अंतर्गत ग्राम टांडा निवासी अमरजीत वैश्य ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा फरियादी के मोबाइल पर लिंक भेजकर फरियादी के बैंक खाते से 50 हजार रूपए धोखाधडी पूर्वक निकाल लिए। जिस पर पुलिस ने अज्ञात पर मामला दर्ज किया है।

### 50 वर्षीय ग्रामीण ने कुए में कूंदकर की खुदकुशी

**अशोकनगर।** स्थानीय कछियाना मोहल्ला में 50 वर्षीय लक्ष्मण पुत्र रामसिंह कुशवाह ने कुए में कूंदकर खुदकुशी कर ली, बताया गया है कि उसकी कुछ दिनों से मानसिक स्थिति ठीक नहीं थी। यह घटना सुबह के समय की है, घर से आने के बाद मंदिर के समीप उन्होंने कुए में छलांग लगा दी, जो लोग वहां से निकल रहे थे उन्होंने भी घटना को देखा, बाद में एसडीआरएफ की टीम मौके पर पहुंची और शव को बाहर निकाला गया, पुलिस ने मर्ग का मामला दर्ज किया है।


### मारोन गांव में करंट लगने से व्यक्ति की मौत

**पिपरई।** ग्राम मारोन में रविवार को करंट लगने से एक व्यक्ति की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। मृतक का शव गांव के एक खेरे की तार फेंसिंग के पास पड़ा मिला। घटना की सूचना मिलते ही क्षेत्र में सनसनी फैल गई। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच की। जानकारी के अनुसार ग्राम मारोन निवासी रामबाबू कुशवाहा 50 वर्ष गांव के ही एक खेरे की तार फेंसिंग के पास मृत अवस्था में मिले। उनके शरीर पर करंट लगने के निशान पाए गए, जिससे प्रथम दृष्टया मौत का कारण करंट माना जा रहा है। घटना की जानकारी मिलने पर परिजन तत्काल उन्हें सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लेकर पहुंचे, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।

## अध्यक्ष बनने के बाद अपने 9वें जिले के भ्रमण पर अशोकनगर पहुंचे डॉ. कैलाश जाटव

# 'साठगांठ से हड़पी जा रही गरीबों की जमीनें'

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर



जिला मुख्यालय पर जो कुछ हो रहा है उसे देखकर लगता है कि जिला प्रशासन नाम की कोई चीज भी नहीं है, यहां प्रशासन वही कर रहा है जो नेता चाहते हैं। नेताओं की आवाज पर प्रशासन काम कर रहा है। इस सच्चाई को लेकर जिले में एक दिवसीय प्रवास पर आए डॉक्टर कैलाश जाटव पत्रकारों से खरी खरी कह गए। अशोकनगर जिले में प्रशासनिक व्यवस्थाएं पूरी तरह पटरी से उतर चुकी हैं। यहां नेताओं और अधिकारियों की कथित मिली भगत के चलते अनुसूचित वर्ग और गरीब तबके की जमीनें सरे आम हड़पी जा रहीं है। स्थिति यह है कि जिला प्रशासन पूरी तरह नेताओं का पंगु बनकर रह गया है। यह तल्ख और गंभीर आरोप मध्यप्रदेश अनुसूचित जाति आयोग के अध्यक्ष डॉ. कैलाश जाटव ने बुधवार को आयोजित एक प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए लगाए।

### प्रशासन में अकर्मण्यता और लापरवाही का बोलबाला

अध्यक्ष बनने के बाद अपने 9वें जिले के भ्रमण पर अशोकनगर पहुंचे डॉ. जाटव ने कहा कि जिले की प्रशासनिक कार्यप्रणाली में भारी अनियमितताएं देखने को मिल रही हैं। उन्होंने कहा यहां केवल टालमटोल का सिस्टम चल रहा है और जिम्मेदार कर्मचारी अपनी जवाबदेही से भाग रहे हैं। थानों में गरीबों की सुनवाई नहीं होती, जिससे पीड़ित वर्ग को न्याय मिलने में गंभीर अड़चनें आ रही हैं।

### पट्टे के जमीनों में बड़ा फर्जीवाड़ा, बाइपास रोड मामले का खुलासा

डॉ. जाटव ने जिले में जमीन हस्तांतरण और पट्टों के आवंटन में चल रही धांधली को उजागर करते हुए कहा कि जिन्हें जमीन के पट्टे मिले, उन्हें कब्जा नहीं दिया गया और जिन्हें कब्जा मिला, उनकी जमीनें कर्मचारियों की सांठगांठ से बेच दी गईं। हाल ही में सुर्खियों में आए बायपास रोड़ मामले पर बड़ा खुलासा करते हुए उन्होंने बताया कि यहां भी अनुसूचित जाति वर्ग के लोगों की पट्टे की कीमती जमीनों का अवैध लेनदेन कर उन्हें बेच दिया गया। इस पूरे खेल में शहर के रसूखदार नेता, प्रशासनिक अधिकारी और कर्मचारी सीधे तौर पर शामिल हैं।

### आयोग का अल्टीमेटम, अब गरीबों की जमीन हड़पने वाले बख्शे नहीं जाएंगे

पत्रकारों से रूबरू होते हुए डॉ. कैलाश जाटव ने कड़े लहजे में चेतावनी दी कि आयोग अब गरीबों और पीड़ितों को परेशान करने वाली इस पूरी भ्रष्ट व्यवस्था को कतई बर्दाश्त नहीं करेगा। उन्होंने स्पष्ट किया कि गरीबों का हक मारने वाले चाहे कितने भी प्रभावशाली क्यों न हों, आयोग उनके खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई करेगा।

**लापरवाह अफसरों पर आयोग का चाबुक, सैकड़ों समन जारी:** आयोग की कार्यप्रणाली का ब्योरा देते हुए उन्होंने बताया कि पदभार ग्रहण करने से पूर्व करीब 2,000 आवेदन लंबित थे। इन पर त्वरित कड़ा संज्ञान लेते हुए आयोग अब तक 3 कलेक्टर्स, 4 पुलिस अधीक्षकों, 8 एडीएम, 9 तहसीलदारों, 3 मुख्य कार्यपालन अधिकारियों को समन जारी कर जवाब तलब कर चुका है। प्रेस कॉन्फ्रेंस के अंत में डॉ. जाटव ने मीडिया जगत से अपेक्षा जताई कि वे ऐसे शोषित और पीड़ति वर्ग से जुड़े मामलों को आयोग के समक्ष लाएं, ताकि हर जरूरतमंद को समय पर निष्पक्ष न्याय दिलाया जा सके।

### नगर परिषद द्वारा नगर में सख्ती से चलाया जा रहा वसूली अभियान

**मुंगावली।** नगर परिषद सीएमओ विनयकुमार भट्ट के निर्देश पर नगर में प्रतिदिन सख्ती से वसूली अभियान नगर के प्रत्येक वार्ड में चलाया जा रहा है। सीएमओ ने वसूली के लिए दल गठित किए हैं जो प्रतिदिन घर घर जाकर नल टैक्स एवं समेकित/संपत्ति कर की रसीद चैक कर रहे हैं। रसीद न दिखाने पर एवं टैक्स जमा न होने पर नल कनेक्शन काटने की कार्यवाही नगर में निरंतर की जा रही है। नल कनेक्शन काटने के बाद बकायादारों को दोबारा नल कनेक्शन नहीं दिया जाएगा। समेकित/संपत्ति कर जमा न होने पर संपत्ति कुर्की की कार्यवाही की जाएगी। मंगलवार को वसूली टीम द्वारा नगर के ढिमरान गली, कछियाना मोहल्ला में वसूली कार्यवाही की गई जिसमें बकायादारों के गुरुवार से नल कनैक्शन काटने की कार्यवाही की जाएगी एवं अन्य वार्डों में भी सख्ती से वसूली कार्यवाही की जाएगी जल कर जमा न होने पर कनेक्शन काटे जाएंगे। नगर परिषद से जलकर वसूली प्रभारी नवेद क़ाज़ी के साथ शैलेष अग्रवाल श्रीराम चिढ़ार अनिल नामदेव आदि रहे मौजूद।

# जय जगन्नाथ के जयघोष से गूंजा शहर श्रद्धालुओं ने खींचा भगवान का रथ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बीना




इस्कॉन संस्था के तत्वावधान में भगवान श्री जगन्नाथ स्वामी की भव्य रथ यात्रा श्रद्धा और उत्साह के साथ निकाली गई। नगर के प्रमुख मार्गों पर जय जगन्नाथ के संकीर्तन और भजनों से पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया। सैकड़ों श्रद्धालुओं ने भगवान के रथ को खींचकर पुण्य लाभ अर्जित किया और जगह-जगह भगवान की आरती व पूजा-अर्चना की।

रथ यात्रा का शुभारंभ शाम 5 बजे श्री नरसिंह मंदिर से भगवान जगन्नाथ, उनके भाई बलभद्र और सुभद्रा की महाआरती के साथ हुई। यात्रा में सबसे आगे संकीर्तन मंडली भजन-कीर्तन करते हुए चल रही थी, जबकि पीछे सुसज्जित रथ पर भगवान जगन्नाथ विराजमान थे। श्रद्धालु पूरे मार्ग में हरे कृष्णा और जय जगन्नाथ के जयघोष करते हुए रथ को खींचते रहे। यात्रा सर्वोदय चौराहा, स्टेशन रोड, गांधी चौराहा, महावीर चौक और कच्चा



रोड सहित नगर के प्रमुख मार्गों से होकर पुनः मंदिर परिसर पहुंची। इस दौरान मार्ग में श्रद्धालुओं ने भगवान के दर्शन कर पुष्प अर्पित किए और रथ की पूजा की। रथ यात्रा में इस्कॉन संस्था के विदेशी भक्तों की सहभागिता भी आकर्षण का केंद्र रही। पूरे आयोजन के दौरान भक्तों में विशेष उत्साह देखने को मिला। महिलाएं, पुरुष, बच्चे और बुजुर्ग बड़ी संख्या में शामिल हुए।

### 80 सीसीटीवी फुटेज खंगालकर जीआरपी ने पकड़ी महिला

# बीना स्टेशन से चोरी हुई 8 माह की मासूम इटारसी में मिली

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बीना

रेलवे स्टेशन से चोरी हुई आठ माह की मासूम चंचल को जीआरपी ने इटारसी रेलवे स्टेशन से सकुशल बरामद कर लिया। बच्ची को लेकर भागी महिला को प्लेटफॉर्म नंबर 5 पर फुटओवर ब्रिज के नीचे से गिरफ्तार किया गया। मेडिकल परीक्षण के बाद बच्ची को उसकी मां सखीना के सुपुर्द कर दिया गया। हालांकि आरोपी महिला अब तक अपनी सही पहचान नहीं बता सकी है। जीआरपी महिला की वास्तविक पहचान और बच्ची चोरी के उद्देश्य का पता लगाने में जुटी है।

जीआरपी टीआई बीबीएस परिहार ने बताया कि 19 जुलाई की रात भोपाल के सुखी सेवनिया क्षेत्र निवासी सखीना पत्नी राजू नाथ अपनी आठ माह की बेटी चंचल के साथ जबलपुर जाने के लिए बीना रेलवे स्टेशन पहुंची थी। रात करीब तीन बजे वह प्लेटफॉर्म नंबर 2 और 3 के बीच बच्ची को लेकर सो गई। सुबह जब उसकी नींद खुली तो बेटी गायब थी। इसके बाद उसने तत्काल जीआरपी थाने पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई। मामले की गंभीरता को देखते हुए जीआरपी ने तत्काल जांच शुरू की। जीआरपी ने पहले बीना स्टेशन के करीब 20 सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली गई। इनमें एक



संदिग्ध महिला बच्ची को लेकर दिखाई दी। इसके बाद पुलिस ने चार रेलवे स्टेशनों के करीब 80 सीसीटीवी कैमरों की रिकॉर्डिंग खंगाली। अलग-अलग टीमें लगातार 24 घंटे तक एक स्टेशन से दूसरे स्टेशन तक दौड़ती रहीं और संदिग्ध महिला की गतिविधियों पर नजर रखी। सीसीटीवी फुटेज की कड़ियों को जोड़ते हुए पुलिस आरोपी महिला तक इटारसी रेलवे स्टेशन पहुंची। वहां प्लेटफॉर्म नंबर 5 पर फुटओवर ब्रिज के नीचे महिला बच्ची के साथ मिली, जिसे तत्काल हिरासत में लेकर बच्ची को सुरक्षित बरामद कर लिया गया।

# विधायक निर्मला सप्रे ने पशुपालकों को दिए पावर ड्रिवेन चैफ कटर



हरिभूमि न्यूज ▶▶ बीना

पशुपालन विभाग द्वारा राष्ट्रीय पशुधन मिशन अंतर्गत पशुपालकों को आधुनिक कृषि एवं पशुपालन उपकरण उपलब्ध कराने की दिशा में पहल की गई। गुरुवार को स्थानीय पशु चिकित्सालय परिसर में आयोजित कार्यक्रम में विधायक निर्मला सप्रे ने पात्र हितग्राहियों को पावर ड्रिवेन चैफ कटर वितरित किए। अधिकारियों ने बताया कि राष्ट्रीय पशुधन मिशन के तहत पावर ड्रिवेन चैफ कटर की कीमत 22,800 रुपए निर्धारित है। इसमें हितग्राही को 10,800 रुपए का अंशदान जमा करना होता है। इस योजना का उद्देश्य पशुपालकों को आधुनिक उपकरण उपलब्ध कराकर पशुओं के लिए हरा एवं सूखा चारा काटने की प्रक्रिया को आसान बनाना तथा समय और श्रम की बचत करना है।

कार्यक्रम में विधायक सप्रे ने क्षेत्र के प्रेम सिंह यादव, राहुल सिंह लोधी, अभिजीत यादव एवं दीवान सिंह यादव को चैफ कटर वितरित किए। विधायक ने कहा कि प्रदेश सरकार किसानों और पशुपालकों की आय बढ़ाने के लिए विभिन्न योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन कर रही है। आधुनिक तकनीक और उपकरणों के उपयोग से पशुपालन को अधिक लाभकारी बनाया जा सकता है। इस अवसर पर पशुपालन विभाग के अधिकारियों ने बताया कि हाल ही में बीना विकासखंड के छह हितग्राहियों को मुख्यमंत्री डेयरी प्लस योजना के अंतर्गत 50 प्रतिशत अनुदान तथा एक हितग्राही को 75 प्रतिशत अनुदान पर हरियाणा के करनाल से मंगवाई गई मुर्रा नस्ल की दो-दो भैंसें भी उपलब्ध कराई गई हैं। इस योजना का उद्देश्य दुग्ध उत्पादन बढ़ाने के साथ-साथ पशुपालकों की आर्थिक स्थिति को मजबूत करना है। कार्यक्रम में भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष राजेंद्र उपाध्याय, महामंत्री आलेख राय, कमलेश अहिरवार, गोविंद सिंह ठाकुर किर्रावदा, गोविंद सिंह ठाकुर, सतीश कुर्मी सहित पशुपालन विभाग की डॉ. प्रेरणा ठाकुर आदि उपस्थित रहे।

## निर्माण कार्यों का सत्यापन करने खुद पहुंचे कलेक्टर

# केन्द्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने दिशा बैठक में दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

दिशा बैठक में ईसागढ की वाटर सप्लाई की कार्य की गुणवत्ता संबंधी मामले की जांच हेतु कलेक्टर साकेत मालवीय बुधवार को ईसागढ पहुंचे इस दौरान उन्होने एमपीयूडीसी द्वारा ईसागढ में वाटर सप्लाई के कराये जा रहे कार्यो की गुणवत्ता तथा कार्यो में आने वाली परेशानियों के संबंध में विस्तार से जानकारी ली।

**अधिकारियों का दल गठित कर जांच के निर्देश** निरीक्षण के दौरान उन्होने वाटर सप्लाई कार्य में विभिन्न कमियों के बारे में संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया। साथ ही निर्देश दिये कि पीएचई, राजस्व, एमपीयूडीसी, नगरीय निकाय के अधिकारियों के दल गठन कर भौतिक सत्यापन कर जांच प्रतिवेदन एवं लाईन टेस्टिंग कराई जाएं।



**सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ईसागढ़ का किया निरीक्षण** कलेक्टर साकेत मालवीय ने बुधवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ईसागढ़ का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने प्रसूति वार्ड, जनरल वार्ड का निरीक्षण किया।

**राजघाट पेयजल शहरी परियोजना का किया निरीक्षण** भ्रमण के दौरान कलेक्टर मालवीय ने राजघाट पेयजल शहरी परियोजना निरीक्षण किया।इस दौरान उन्होंने राजघाट की पाइप लाइन विस्तार के संबंध में जानकारी ली। साथ ही अधिकारियों को निर्देश दिये कि योजना का क्रियान्वयन समय सीमा में पूर्ण किया जाएं। भ्रमण के दौरान उन्होंने बीईओ, बीआरसी कार्यालय का निरीक्षण किया एवं आवश्यक निर्देश दिये। निरीक्षण के दौरान ईसागढ़ एसडीएम त्रिलोचन गौड, तहसीलदार रोहित रघुवंशी, नायव तहसीलदर रितु परमार,मुख्य नगर पालिका अधिकारी पूरन कुशवाह एवं संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।




### लायंस हेल्पिंग हैंड क्लब भी जगन्नाथ रथयात्रा का हिस्सा बना

**अशोकनगर।** भगवान श्री जगन्नाथ की भव्य रथयात्रा के अवसर पर लायंस क्लब हेल्पिंग हैंड अशोकनगर द्वारा सलूजा टावर पर श्रद्धालुओं के लिए निःशुल्क शीतल जल सेवा का आयोजन किया गया। दोपहर 3 बजे से प्रारंभ हुई इस सेवा में हजारों श्रद्धालुओं को ठंडा पेयजल उपलब्ध कराया गया। भीषण गर्मी के बीच क्लब के सदस्यों ने सेवा भाव से श्रद्धालुओं का स्वागत करते हुए जल वितरण किया। क्लब अध्यक्ष लायन संतोष चंदेल ने कहा कि मानव सेवा ही लायंस क्लब का सर्वोच्च उद्देश्य है और भविष्य में भी ऐसे सेवा कार्य निरंतर आयोजित किए जाएंगे। इस अवसर पर उपाध्यक्ष लायन ज्ञानेश्वरीसक्सैना और लायन चन्द्रेश यादव के साथ अन्य क्लब सदस्य एवं समाजसेवी उपस्थित रहे।

